संख्या : 277/XIII-II/2013–47(05)/2013

प्रेषक,

ओमकार सिंह,
उपसचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्धन निदेशालय,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

कृषि एवं विपणन अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक : 07 नवम्बर, 2013

विषयः विश्व बैंक पोषित प्रस्तावित "उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना फेज–2" के 02प्रभागों में सम्पूर्ण क्रियान्वयन हेतु 02 Partner NGO (PNGO) की चयन प्रक्रिया के अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या 480/3–31 दिनांक 17अगस्त, 2013 द्वारा उपलब्ध कराए गये प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अन्तर्गत प्रस्तावित विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना फेज–2 के रूद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी प्रभागों में क्रियान्वयन/सम्पूर्ण कार्य संचालन के लिए 01–01, कुल 02 PNGO का नियमानुसार चयन विश्वबैंक द्वारा अनुमोदित Terms of Refrence के आधार पर QCBS (Time Based Contract) पद्धति से National Competitive Bid से किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

AD/WMD/PD Adm
प्रस्तुत
7/11/13

2. उक्त चयन प्रक्रिया में यथास्थिति विश्व बैंक परियोजना हेतु लागू मानकों व अधिप्राप्ति नियमों का पूर्ण पालन किया जाएगा और जहाँ कहीं कोई विशिष्ट अधिप्राप्ति नियम लागू न हों, उन मामलों में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 एवं इस संबंध में समय–समय पर निर्गत आदेशों का पालन कड़ाई से किया जाएगा।

3. उक्त प्रक्रियानुसार 02 PNGO का चयन कर शासन की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ओमकार सिंह)
उपसचिव।